तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026



10 हिड़मा के गांव पूवर्ती से लगे गुण्डेम में खोला गया नया कैम्प



11 चूल्हा जलाकर बनाया चाय-भजिया



## तीन पंचायत उसरी, टिकनपाल और बालेंगा को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत उसरी, टिकनपाल और बालेंगा को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल की गई है। शनिवार को तीनों पंचायतों में विशेष बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समग्र ग्राम विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच, ग्रामीणों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जनजागरुकता अभियान चलाने और सकारात्मक प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अभियान में महिला शक्ति की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं घर-परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही हैं। महिलाएं ग्रामीणों को एकल उपयोग प्लास्टिक के नुकसान के बारे में बता रही हैं ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा, सक्रिय भागीदारी का आव्हान



#### घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को बनाएंगे मजबूत

*बैठक में ग्रामीणों को बताया गया कि एक आदर्श और स्वस्थ गांव का निर्माण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए पूरे समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इसी क्रम में घर-घर कचरा पृथक्करण पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों को समझाया गया कि यदि सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखा जाए तो कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन अधिक आसान और प्रभावी हो सकता है। साथ ही गांव की गलियों को स्वच्छ रखने के लिए घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी सहमति बनी।*

## खबर संक्षेप



### हेलिना को एक्सीलेंट अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

**जगदलपुर।** शिक्षा एवं प्रकाश कुंज द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें हिंदी एवं मराठी फिल्म निर्माता सुबोध चक्रवाती, टीवी, फिल्म एक्टर कमल वर्धावन, दुबई से आई बिजनेसमैन कोमल मेम एवं जाफरी द्वारा लगातार महिला सशक्तीकरण पर कानूनी शिविर कर रही है। कार्यक्रम में अधिवक्ता श्रीमती हेलिना मोजेस गिरीधन को एक्सीलेंट अवॉड से सम्मानित किया गया।

### विधानसभा घेराव में शामिल होने कांग्रेसी रवाना

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता विधानसभा घेराव में शामिल होने रवाना हुए। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया हर मोर्चे पर फेल प्रदेश सरकार से प्रत्येक वर्ग परेशान और त्रस्त है। प्रदेश में लगातार बढ़ते नशे के कारोबार अफीम की खेती और व्यवसायिक कमर्शियल गैस सिलेंडर पर अघोषित रोक व घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से लोग हलाकान हैं। उन्होंने कहा बेरोजगारी और मंहगाई चरम पर है 17 मार्च को रायपुर में कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगा।



### विपक्ष के प्रमुख नेता को सुरक्षा देने एसडीएम को ज्ञापन



**जगदलपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के बस्तर संभाग अध्यक्ष तथा बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक नवनीत चांद की सुरक्षा के लिए एसडीएम तोकापाल को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीण जिला महामंत्री संतु कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इनका दौरा रहता है। बस्तर में अन्य दलों के छोटे नेताओं को भी सुरक्षा दी गई है तो प्रमुख विपक्षी नेता को सुरक्षा क्यों नहीं। इस दौरान बास्तानार ब्लॉक अध्यक्ष विजय कवासी, कोषाध्यक्ष जायमों बेंजाम, शिव राम कश्यप, कुंवर मांडवी चालकी मांडवी समेत अन्य उपस्थित रहे।

> लापरवाही बरतने वाले जिला शिक्षा अधिकारी और आश्रम अधिक्षिका को तुरंत हटाएं : मंडावी

## 3 छात्राओं के गर्भवती होने के मामले में सियासत शुरू, लीपापोती भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



हरिभूमि फॉलोअप

■ दोषी अधिकारियों पर एफआईआर की मांग विधायक ने की

बीजापुर जिले के अतिसंवेदनशील गंगालुर क्षेत्र की 3 छात्राओं के गर्भवती होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया के जारी प्रेस नोट पर विधायक विक्रम मंडावी ने आपत्ति करते हुए इसे प्रशासन द्वारा मामले को दबाने के लिए लीपापोती का प्रयास कहा है। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि छात्राओं के पोटाकेबिन या छात्रावास के नहीं होने की बात कहकर प्रशासन खुद संदेह से घिर रहा है 5 महिने से गैरहाजिर रहने की बात प्रशासन मान रहा है। वहीं संवेदनशील क्षेत्र में आदिवासी बालिकाओं और युवतियों की सुरक्षा के लिए किस तरह के प्रयास होने चाहिए इस पर बयान जारी करनी चाहिए। छात्राओं को दोषी ठहराने और जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास यहां हो रहा है। वहीं इस घटना के बाद विपक्षी दल कांग्रेस आक्रामक हो गई है। जिला प्रशासन और पुलिस भी इस मामले पर किसी तरह की सक्रियता और बयानबाजी से बच रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस का जांच दल गांव में भेजने और पूरी घटना की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही है। सभी पक्षों से मेल मुलाकात और पूछताछ के बाद ही सही स्थिति सामने आ सकेगी। बहरहाल एक साथ 3 छात्राओं का गर्भवती होना जिनमें दो ने 12वीं और एक ने 11वीं की परीक्षा अभी दी है। उनमें से दो का नाबालिग होना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। नक्सल दृष्टि से गंगालुर इलाका सर्वाधिक संवेदनशील है। वहीं स्वास्थ्य विभाग इन छात्राओं का प्रसव कार्ड बनाकर विवादों में आ गया है।

### सरकार और प्रशासन पर आरोप

स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी ने विधानसभा में छात्राओं के गर्भवती होने का मामला उठाकर सरकार और प्रशासन पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने साफ कहा कि आदिवासी क्षेत्र में जिस तरह की सुरक्षा छात्रावासों और पोटाकेबिन में होनी चाहिए वह नहीं है। सीसीटीवी कैमरा के अलावा महिला सुरक्षा गार्ड समेत कई ऐसी अव्यवस्था है जिस पर संदेह की स्थिति है।

### स्वास्थ्य विभाग की जांच से मामला उजागर

*छात्राओं के गर्भवती होने का मामला स्वास्थ्य विभाग के प्रसव कार्ड से उजागर हुआ है। ऐसी स्थिति में कब कहां किस तरह की जांच हुई और इसमें 5 माह का गर्भवती होना जैसे अहम बातों से दोषियों तक पहुंचा जा सकता है। कांग्रेस नेताओं समेत सता पार्टी के कुछ लोगों का यह कहना है कि मामला 3 छात्राओं का है इसलिए जांच पड़ताल सही दिशा में होनी चाहिए। मामला को दबाने या दोषियों को बचाने से न्याय नहीं हो सकेगा।*

## नक्सलियों द्वारा प्लांट आईईडी व विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ सुरक्षाबलों ने चलाया 45 घंटे का ज्वाइंट कांबिंग एवं सर्च अभियान

सीआरपीएफ 217 बटालियन द्वारा चलाए गए 45 घंटे का ज्वाइंट कांबिंग एवं सर्च अभियान में नक्सलियों द्वारा डंप किए गए आईईडी व विस्फोटक बरामद किया गया है। नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम व विस्फोटक सामग्री डंप किया गया था जिसे सफलतापूर्वक निकाला गया। सीआरपीएफ आईजी छग सेक्टर शालीन, डीआईजी कोंटा राजेश पण्डे व कमाण्डेंट 217 बटालियन के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया गया था। सहायक कमाण्डेंट रवि शर्मा के नेतृत्व में सी 217 तथा डी 241 बटालियन द्वारा नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने 45 घंटे का ज्वाइंट कांबिंग एवं सर्च अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान किस्टाराम थाना क्षेत्र के विरम गांव से सटे जंगल क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने जमीन के नीचे छिपाकर रखी गई आईईडी को बीडीडीएस द्वारा खोजा गया। टीम द्वारा सुरक्षा सावधानियों का पालन करते हुए आसपास के इलाके की तलाशी लेते हुए घेराबंदी की गई। इसके उपरांत बीडीडीएस टीम और सर्चिंग पार्टी ने संदिग्ध के इलाके की अच्छी तरह से तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जंगल में जमीन के नीचे नक्सलियों द्वारा डंप किया गया जिलेटिन रॉड पीईके, डेटोनेटर तथा टिफिन बम बरामद किया गया। बरामद बमों तथा पीईके को टीम द्वारा निष्क्रिय किया गया तथा बरामद अन्य विस्फोटक सामग्री को किस्टाराम पुलिस थाने में सुपुर्द कर दिया। टीम ने तलाशी अभियान के दौरान कोई अप्रीय घटना नहीं हुई और टीम सुरक्षित कैंप लौट आई। बरामद सामग्री की विस्तृत जांच से ▶▶| शेष पेज 10 पर

## लौह अयस्क की ढुलाई से रेलवे को 6 दशक में 1 लाख करोड़ का मुनाफा, पर सुविधाएं नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ समाज प्रमुखों के साथ बैठक में सुकमा जमींदार कुमार जयदेव की अगुवाई में बनी रणनीति

बस्तर में रेल, हवाई सेवा, सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ी बहुप्रतीक्षित मांगों की ओर शीघ्र ही प्रधानमंत्री व केंद्रीय रेलमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया जाएगा। समाज प्रमुखों ने सुकमा जमीदार कुमार जयदेव से बस्तर में रेल, हवाई और सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने समाज प्रमुखों को आश्वस्त करते कहा कि शीघ्र ही इन मामलों को लेकर प्रधानमंत्री, रेलमंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र भेज ध्यानाकर्षण कराया जाएगा। बात नही बनी तो आंदोलन का रुख करेंगे। अब बस्तर के मूल निवासी भी यात्री रेल सुविधा को लेकर लामबंद हो रहे हैं। महारा समाज के आयोजन में भी यह मांग उठी थी। कुमार जयदेव के अनुसार 6 दशको में रेलवे को लौह अयस्क की दुलाई से भाड़ा के रूप में 1965 से 2025 तक लगभग 1 लाख करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। उसके एवज में बस्तर में यात्री रेल सुविधा का विस्तार 1 फीसदी से भी कम है, जो बस्तरवासियों के लिए चिंता का विषय है। बस्तर के समस्त मूल समाज के प्रमुखों से व्यक्तिगत सबंध है। बस्तरिया समाज की बैठक में बस्तर समेत दंतेवाड़ा, कोंडागांव, नारायणपुर, केशकाल, सुकमा और बीजापुर के मूल समाज प्रमुख सम्मलित हुए थे। उनकी मांगों को सरकार को गम्भीरता से सुनना चाहिए। इन समाज मे गोंड, माड़िया, महारा, धुर्वा, मुरिया, हल्बा, भतरा, कलार, यादव, ▶▶| शेष पेज 10 पर




### बस्तर के लिए प्रमुख मांगें

रेल परिवहन दल्ली राजहरा, जगदलपुर रेल लाइन सहित रावघाट परियोजना से अंतागढ़, जगदलपुर रेल कार्य शीघ्र शुरू हो। साथ ही प्रस्तावित नई रेल लाइनों को स्वीकृति मिले। इसी तरह बस्तर को हवाई सेवा से जोड़ा जाए। खासकर हवाई सेवा जगदलपुर, रायपुर उड़ान तत्काल बहाल हो तथा जगदलपुर से दिल्ली, मुंबई, विशाखापत्तनम, हैदराबाद और कोलकाता के लिए नियमित विमान सेवा शुरू की जाए। सड़क कनेक्टिविटी भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर, विशाखापट्टनम मार्ग को जगदलपुर से जोड़ने के लिए बकावंड क्षेत्र में नया कनेक्टिविटी रोड बने और रायपुर से जगदलपुर (धनपुंजी) तक सड़क को छह लेन किया जाय।

### मांगें पूरी की जाएं

केंद्र व राज्य सरकार बस्तरवासियों की इन महत्वपूर्ण और जायज मांगों पर खरा उतरे तो बस्तरियों की आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षा स्वास्थ्य के लिए आसानी होगी।

- **कुमार जयदेव,** सुकमा जमींदार

### आकर्षक पैकेजिंग कर महिलाएं कमा रहीं मुनाफा

## इमली का रेशा और बीज निकाल बनी चपाती से बर रही समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ गांव की महिलाओं ने गुणवत्ता पर ध्यान देकर इमली की बढ़ायी कीमत

बस्तर जिले के दरभा विकासखंड के सुदूर ग्राम तुआरास-चितापुर की महिलाओं ने अपनी मेहनत और नवाचार से इमली को वनांचल की किस्मत बदल देने वाली फसल साबित कर दिखाया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत गठित उत्पादक समूह आजीविका इमली प्रसंस्करण समिति की दीदियों ने इमली के परंपरागत संग्रहण को एक आधुनिक और लाभप्रद व्यवसाय का रूप दे दिया है। समूह की इन महिलाओं द्वारा किए जा रहे इसी उत्कृष्ट और संगठित कार्य को पिछले दिनों रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में मंच पर सम्मानित किया गया। इस समूह की कार्यप्रणाली पेशेवर और गुणवत्ता पर आधारित है, जहां महिलाएं इमली की खरीदी सुनिश्चित करती हैं। खरीदी के उपरांत इमली का रेशा और बीज निकालकर उसे पूरी तरह शुद्ध करती हैं। महिलाओं के इसी हुनर का परिणाम है कि आज वे साधारण इमली से उच्च गुणवत्ता वाला इमली फूल और विशेष रूप से इमली चपाती तैयार कर रही हैं, जिसकी बाजार में भारी मांग है।



### लखपति दीदी बनने की दिशा में सशक्त पहल



आजीविका इमली प्रसंस्करण समिति चितापुर की सदस्य पदमिनी कश्यप बताती हैं कि अब ग्राहकों की सुविधा और बाजार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इन उत्पादों की 200 ग्राम, 500 ग्राम और 1000 ग्राम के आकर्षक पैकेटों में पैकेजिंग कर स्वयं इसका विक्रय भी संभाल रही हैं। बिहान योजना के माध्यम से एकजुट होकर इन महिलाओं ने न केवल अपनी आय में वृद्धि की है, बल्कि लखपति दीदी बनने की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाया है।



## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में शुरू हुआ एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल कोण्डागांव में 16 मार्च से एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया। इस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत वे किशोरी बालिकाएं पात्र होंगी, जिनकी आयु 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और 15 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है। पात्र बालिकाओं को यह टीका निःशुल्क लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है। इस टीकाकरण से भविष्य में गंभीर बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष की बालिकाओं को जिला चिकित्सालय लाकर निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

### प्लेसमेंट कैंप पहुंची कलेक्टर युवाओं से की बातचीत



कोण्डागांव। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के तत्वाधान में शुक्रवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शिविर का निरीक्षण कर उपस्थित युवाओं से संवाद किया तथा नियोजकों से भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। कैंप के दौरान कलेक्टर ने सिक्योरिटी गार्ड के पद के लिए ग्राम बालेंगा के युवा जन्मजय नेताम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। यह प्लेसमेंट कैंप विभिन्न नियोजकों द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, ट्रेनिंग ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर, अकाउंटेंट और लेबर सहित कुल 396 पदों की पूर्ति के लिए आयोजित किया गया था। कैंप में कुल 96 बेरोजगार युवक–युवतियों ने भाग लिया। जिनमें से 30 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया तथा 20 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

### गिरोला उपकेंद्र में पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ी, आपूर्ति होगी बेहतर



**कोण्डागांव।** जिले के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गिरोला में स्थापित पावर ट्रांसफॉर्मर क्रमांक 02 की क्षमता वृद्धि का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस कार्य के तहत ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए कर दी गई है। ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ने से गिरोला उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने में सुविधा होगी और उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर एवं बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। यह कार्य अधीक्षण अभियंता नवीन पोयाम के मार्गदर्शन, कार्यपालन अभियंता टी. एस. उईके एवं जूसफ केरकेट्टा की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्य के दौरान सहायक अभियंता एफ. तिग्गा, एन.एस. कंवर, संजय नाग तथा कनिष्ठ अभियंता विजेंद्र कुमार शार्दूल सहित अन्य तकनीकी कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस क्षमता वृद्धि से क्षेत्र के विकास और बढ़ते विद्युत भार को ध्यान में रखते हुए भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी। विद्युत विभाग ने इस कार्य के दौरान सहयोग देने के लिए सभी विद्युत उपभोक्ताओं और आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# जनरल रावत की जयंती पर किया याद, पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा डी.एन.के. ग्राउंड में भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत जनरल बिपिन रावत के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर तथा समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके बाद सभी पूर्व सैनिकों और प्रशिक्षणार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान परिषद के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने युवक–युवतियों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की जयंती 16 मार्च को मनाई जाती है। उनका जन्म 16 मार्च 1958 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में हुआ था।




### भारतीय सेना के आधुनिकीकरण में निभाई अहम भूमिका

जनरल रावत ने अपने 43 वर्षों के सैन्य जीवन में भारतीय सेना को आधुनिक और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 8 दिसंबर 2021 को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने जनरल बिपिन रावत अमर रहें और भारत माता की जय के नारे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक श्रीकांत तिवारी, पूर्व सैनिक ढालेश साहू तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियां उपस्थित रहे।

## बीजापुर जिले में वर्ष 2024 से अब तक 37 नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना

# हिड़मा के गांव पूवर्ती से लगे गुण्डेम में खोला गया नया कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 37 वां नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैम्प की स्थापना की। यह कैम्प बीजापुर जिले के धूर नक्सल प्रभावित गुण्डेम में खोला गया है। यह इलाका नक्सल कमाण्डर माड़वी हिड़मा के गांव पूवर्ती से लगा हुआ है।

एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जिले में माओवादियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के उद्देश्य से डीआरजी, जिला बल, छसबल 12 वीं वाहिनी डी समवाय की संयुक्त टीमों द्वारा ग्राम बड़े गुण्डेम में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। जिले में वर्ष 2024 से अब तक 37 वां नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की जा चुकी है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों एवं पहुच विहिन रास्ते के बावजूद सुरक्षा बलों द्वारा अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प एवं उच्च मनोबल का परिचय देते हुए नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना सफलतापूर्वक की गई है। यह उपलब्धि न केवल सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है बल्कि इससे क्षेत्रीय विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। इस कैम्प की स्थापना से भोपालपटनम से फरसेगढ़ को जोड़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रगति है। वहीं आगामी समय में नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर ग्रामों को सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा जिससे आवागमन एवं प्रशासनिक पहुंच में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।



### सुरक्षा एवं विकास का समन्वय

नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना से स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली , मोबाइल नेटवर्क, सड़क एवं पुल-पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाएँ शुलभ होंगी। इससे माओवादियों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी तथा क्षेत्र में स्थायी शांति एवं विश्वास का वातावरण निर्मित होगा।

### माओवादियों की गतिविधियों पर लगेगा अंकुश

नवीन कैम्प की स्थापना से क्षेत्र में माओवादियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा वहीं नक्सल विरोधी अभियानों के संचालन में तेजी आएगी। कैम्प की स्थापना से आसपास निवासरत ग्रामीणों को सड़क, पुल, पुलिया निर्माण, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं, पीडीएस दुकानें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मोबाइल कनेक्टिविटी जैसी आवश्यक जन सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कैम्प स्थापना से क्षेत्र के आम नागरिकों में उत्साह एवं विश्वास का माहौल बना है।

- सुंदरराज पट्टलिंगम आईजी, बस्तर।

# हड़ेली में वन विभाग ने कराई वॉलीबाल स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के सुदूर अंचल ग्राम हड़ेली में वन विभाग द्वारा पहली बार वन अग्नि जागरूकता अभियान के तहत व्हॉलीबाल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन वनमंडलाधिकारी कोंडागांव वनमंडल चूणामणी सिंह के निर्देशानुसार कराया गया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य वनों को आग की घटनाओं से बचाने, वनों एवं जैव विविधता के संरक्षण–संवर्धन का संदेश देना तथा स्थानीय युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना था। साथ ही क्षेत्र में आपसी भाईचारा बढ़ाने और शांति व विकास का वातावरण बनाने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों की कई टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं की भी बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा रामचन्द्र कश्यप सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### वन विभाग की टीम ने संभाली व्यवस्था

कार्यक्रम का संचालन वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. आशीष कोट्रिवार संयुक्त वनमंडलाधिकारी पश्चिम कोंडागांव उपवनमंडल, गौरव टंडन परिक्षेत्र अधिकारी मर्दापाल, मोतीलाल बेलसरिया उड़नदस्ता प्रभारी कोंडागांव वनमंडल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान वनमंडलाधिकारी कोंडागांव द्वारा क्षेत्र के गायता और पुजारियों का सम्मान भी किया गया।

# कांशीराम की मनायी जयंती, सर्व आदिवासी भवन में हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती 15 मार्च 2026 को सर्व आदिवासी भवन कोंडागांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कांशीराम के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्पहार अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों और समाज के प्रमुख लोगों ने उनके जीवन, विचारों और बहुजन समाज के उत्थान के लिए किए गए संघर्षो् को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों और विचारों को देशभर में बहुजन समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कांशीराम ने किया। उन्होंने 1978 में बामसेफ की स्थापना की, इसके बाद 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति का गठन किया और 1984 में बहुजन समाज को राजनीतिक शक्ति दिलाने के उद्देश्य से बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। वक्ताओं ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में चार बार बहुजन समाज की सरकार बनी और उन्होंने मायावती को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बनाया। कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को जागृत करने और उन्हें शासन–प्रशासन में भागीदारी दिलाने के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि कांशीराम के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। जयंती समारोह में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बंगाराम सोड़ी, सर्व अनुसूचित जाति समाज के जिला अध्यक्ष धंसराज टंडन, बौद्ध समाज के जिला अध्यक्ष सी.एल. मेश्राम, संरक्षक एम.डी. बघेल, प्रधान संयोजक लखमूराम टंडन, वरिष्ठ पदाधिकारी सूरज मातलाम, राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार प्राप्त पंचूराम सागर, सुरेश बघेल, बजरंग कुलदीप, रमाकांत महाजन, ओमप्रकाश नाग, मन्नूलाल चतुर्वेदी, पी.एल. ठावरे, जीवन नाग, चंद्रेश चतुर्वेदी, रितेश कोर्राम, बुद्धू नाग, घसिया समाज के अध्यक्ष फूल सिंह सागर, नरेंद्र मारकंडे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।




# पशुपालकों को दी गई पशुओं के स्वास्थ्य व देखभाल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला कोंडागांव के सभी विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर जिले के सभी पशु चिकित्सालय, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, पशु औषधालय और कृत्रिम गर्भाधान उप केंद्रों में आयोजित किए गए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों और पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने पशुपालकों को पशुओं के टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण और देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में पशुओं में होने वाली सामान्य बीमारियों की पहचान, उनके उपचार और रोकथाम के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया, जिससे पशुपालक समय रहते अपने पशुओं की देखभाल कर सकें। शिविर में ग्रामों के पशुपालक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और अपने पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं पर पशु चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

### हजारों पशुओं का टीकाकरण और उपचार

*शिविर के दौरान 10,289 पशुओं में खुरहा–चपका रोग के खिलाफ टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 528 पशुपालकों को औषधियों का वितरण किया गया तथा 139 पशुओं का उपचार भी किया गया। यह शिविर ग्रामीणों और पशुपालकों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हुआ तथा पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

# मकान सूचीकरण व मकान गणना की प्रक्रिया की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनगणना कार्य के प्रथम चरण की तैयारी के तहत रविवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना निदेशालय रायपुर के मास्टर ट्रेनर हिरेन्द्र कुमार सिन्हा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना कार्य की चरणबद्ध जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी प्रस्तुतीकरण कर भवन और मकान की पहचान करने की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण ब्लॉक में स्थित प्रत्येक भवन या जनगणना मकान का क्रमांकन करने की विधि समझाई गई। प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण, फील्ड में डाटा संकलन, एचएलओ मोबाइल एप के माध्यम से डाटा प्रविष्टि और चार्ज अधिकारियों के दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सीएमएमएस पोर्टल में ऑनलाइन डाटा एंट्री और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों और शंकाओं का समाधान करते हुए जनगणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

### 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य

जनगणना कार्य के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक किया जाएगा, जिसके लिए डाटा संकलन केवल डिजिटल माध्यम से किया जाएगा।

### अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अश्वन पुसाम, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि पोया, वेणु गोपाल राव सहित सभी तहसीलदार, सीएमओ तथा जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब सेवा संस्था ने किया स्मरण, शिक्षा और समानता का लिया संकल्प

# सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोट चौक स्थित बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया और उनके समाज सुधार के कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षमय जीवन और समाज में शिक्षा व समानता के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि जिस दौर में महिलाओं और दलितों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, उस समय सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा का दीप जलाकर समाज में नई क्रांति की शुरुआत की। संस्था के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 1848 में पुणे के भिड़ेवाड़ा में देश का पहला बालिका विद्यालय खोलकर सावित्रीबाई फुले ने स्त्री शिक्षा की मजबूत नींव रखी और सामाजिक रूढ़िवादिता का साहसपूर्वक सामना किया। उन्होंने विधवा विवाह का समर्थन किया, छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई तथा बालहत्या जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए 'बालहत्या प्रतिबंधक गृह' की स्थापना की।



### सत्यशोधक समाज को दिया नेतृत्व

महात्मा ज्योतिराव फुले के निधन के बाद भी सावित्रीबाई फुले ने सत्यशोधक समाज के कार्यो‍र् को आगे बढ़ाया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्ष किया। वर्ष 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, जो उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है।

### संस्था ने लिया समाज को जागरूक करने का संकल्प

कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। शिक्षा और समानता के प्रसार के लिए संस्था निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पंचू सागर, प्रमोद भारती, शुद्ध राम मरकाम, पटेल समाज से रितेश पटेल, अध्यक्ष भुवन लाल मार्कंडेय, ओमप्रकाश नाग, वीरेन्द्र कुमार नेताम, पंचम पांडे, पूर्व अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, देवानंद चौरे, तथ्यशील चौरे, सिद्धार्थ महाजन, सानू मार्कंडेय, विशाल बंजारे सहित संस्था के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### तीन पंचायत उसरी....

और कपड़े के थैले तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनके प्रयासों से परिवार स्तर से लेकर पूरे गांव तक प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल हो रही है।

### नक्सलियों द्वारा...

पता चला कि इलाके में नक्सल गतिविधियों एवं उनकी भविष्य की योजनाओं और स्थानीय समर्थन नेटवर्क के बारे में और अधिक सुराग मिल सकते हैं। बहरहाल सीआरपीएफ का अभियान इलाके में लगातार जारी है और नक्सल डंप बरामद कर नक्सलियों के मंसूबो को नाकामयाब किया जा रहा है।

### लौह अयस्क की ....

धाकड़ राजपूत क्षत्रिय समाज, उत्कल ब्राह्मण समाज, अरण्य ब्राम्हण समाज, बस्तर अंचल के सभी परगना के प्रमुख, मांझी, चालकी, पुजारी, गायता, सिरहा समेत दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा और दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर के प्रमुख पुजारी भी सम्मिलित है। उन्होंने बताया आजादी के 75 वर्षों बाद भी यात्री रेल सुविधाओं के मामले में बस्तर उपेक्षित है।

नक्सलमुक्त के बाद उम्मीद की किरण : नक्सलवाद के प्रभाव में लंबे समय तक पिछड़े बस्तर को अब नक्सलमुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में आने वाला समय निवेश और औद्योगिक विकास के लिए निर्णायक हो सकता है। बशर्ते बस्तर को आधारभूत ढांचे का वास्तविक लाभ मिले।

जूनागढ़ से जैपुर वाहया नवरंगपुर रेल लाइन बने : कुमार जयदेव ने कहा नवरंगपुर से मलकानगिरी तक प्रस्तावित नई रेल लाइन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट में सम्मलित है। इस रेल लाइन को नवरंगपुर से पीछे जूनागढ़ तक सर्वे हो चुका है। यदि जूनागढ़ से नवरंगपुर और नवरंगपुर से जैपुर के बीच जितना शीघ्र रेल लाइन बिछाई जाती तो बस्तरवासियों को जगदलपुर से रायपुर के लिए सुगम रेलयात्रा संभव हो पायेगा। इस लाइन से जगदलपुर से रायपुर की दूरी लगभग 430 किमी होगा। इसलिए इस नई रेल लाइन निर्माण के लिए केंद्रीय रेलमंत्री को गम्भीरता से पहल करना होगा।

# नेशनल लोक अदालत में वर्षों से लंबित मामलों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत में वर्षों से लंबित मामलों का त्वरित निराकरण किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य के निर्देशानुसार राजस्व जिला दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं बचेली के न्यायालयों को सम्मिलित करते हुए कुल 10 खंडपीठों का गठन किया गया। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठों का गठन किया गया था। सभी न्यायालयों में लंबित कुल 4810 नियमित मामले लोक अदालत में रखे गए थे, जिनमें से 4728 मामलों का सफलतापूर्वक निराकरण करते हुए कुल 4,10,52,768 रुपये की राशि का एवार्ड पारित किया गया। यह लोक अदालत वर्चुअल एवं भौतिक दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। इन प्रकरणों के निराकरण हेतु दंतेवाड़ा न्यायालय में खंडपीठ क्रमांक 1 के पीठासीन अधिकारी प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य, खंडपीठ क्रमांक 2 में न्यायाधीश परिवार न्यायालय हरीश कुमार अवस्थी, खंडपीठ क्रमांक 3 में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोहन प्रसाद गुप्ता, खंडपीठ क्रमांक 4 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय नक्सल मामले सुनील कुमार जायसवाल, खंडपीठ क्रमांक 5 में द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डी.पी. सिंह दांगी, खंडपीठ क्रमांक 6 में मुख्य



न्यायिक मजिस्ट्रेट, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अपूर्वा दांगी तथा खंडपीठ क्रमांक 7 में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी हर्षवर्धन जायसवाल की खंडपीठ गठित की गई थी। इसके साथ ही व्यवहार न्यायालय बीजापुर में खंडपीठ क्रमांक 1 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रोजमीन खाखा, व्यवहार न्यायाधीश सुकमा में खंडपीठ क्रमांक 1 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रमेश चौहान तथा व्यवहार न्यायालय बचेली में खंडपीठ क्रमांक 1 में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी श्वेता ठाकुर की खंडपीठ गठित की गई थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दंतेवाड़ा तथा बचेली द्वारा सबसे अधिक मामलों को लोक अदालत में राजीनामा के लिए रखा गया था। लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक, अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, ग्रामीण बैंक, विद्युत विभाग, श्रीराम फाइनेंस कंपनी, नगर पंचायत बारसूर, चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी, बीएसएनएल, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चिकित्सीय विभाग का सराहनीय योगदान रहा। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा पक्षकारों को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही सभी न्यायाधीशों, पक्षकारों, कर्मचारियों एवं मीडियाकर्मियों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया।

## खबर संक्षेप

### माता कर्मा जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**बस्तर।** साहू समाज द्वारा अपनी आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती के अवसर पर नगर पंचायत बस्तर में तेलीय समाज के द्वारा भव्य हर्षोल्लास, भक्ति और सामाजिक एकता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माता कर्मा के छाया चित्र में माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। माता कर्मा के भक्ति, समानता, त्याग और समर्पण के संदेशों को याद किया गया और युवाओं से शिक्षा को जीवन का आधार बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड पार्षद समीर मिश्रा भी उपस्थित रहे। साहू समाज की एकजुटता को प्रदर्शित करता है, जहां बुजुर्ग, युवाओं और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिक रामकुमार साहू, जगतारलाल साहू, टिकम साहू, डी एस साहू, नारायण साहू, उमेश साहू,और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाने की पहल

**बीजापुर।** जिले में किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन टीकाकरण अभियान 16 मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान भारत सरकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल का हिस्सा है, जिसके तहत जिले की पात्र किशोरियों को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 28 फरवरी को किया गया था। इसी क्रम में जिला बीजापुर में भी अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी।

### शिकायतों के निराकरण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला बीजापुर में प्राप्त शिकायतों के समन्वय एवं उनके त्वरित निराकरण के उद्देश्य से उत्तम भारती, सहायक खाद्य अधिकारी को जिला स्तरीय कॉल सेंटर नंबर 88152-59949 के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त नोडल अधिकारी कॉल सेंटर में प्राप्त होने वाली एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेकर संबंधित विभागों तथा ऑयल कंपनियों के जिला समन्वयकों से समन्वय स्थापित करेंगे तथा शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

## गैस की बढ़ती कीमतों पर महिला कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

# चूल्हा जलाकर बनाया चाय-भजिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

रसोई गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस ने दंतेवाड़ा बस स्टैंड में अनोखा प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गैस सिलेंडर की कीमतों को कम करने की मांग उठाई। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में अनोखे तरीके से अपना आक्रोश जताया।

बस स्टैंड परिसर में ही पारंपरिक चूल्हा जलाकर चाय बनाई गई तथा भजिया और बड़ा तला गया। इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के माध्यम से महिलाओं ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण आम परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है और कई परिवारों को मजबूरी में फिर से चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने "महंगाई डायन खाए जात है" गीत बजाकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई और रसोई गैस की कीमतों को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। इस अनोखे विरोध प्रदर्शन को देखने के लिए बस स्टैंड परिसर में लोगों की भीड़ भी उमड़ पड़ी और राहगीर भी कुछ देर के लिए रुककर इस प्रदर्शन को देखते रहे। महिला कांग्रेस द्वारा इस दौरान एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन



किया गया, जिसमें महंगाई, रसोई गैस के बढ़ते दाम और आम जनता पर पड़ रहे उसके प्रभाव को नाटकीय रूप से प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह दिखाया गया कि किस प्रकार महंगाई के कारण गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन में भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ में हो रही कथित अफीम की खेती को लेकर विरोध जताया और सरकार से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में अवैध गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और सरकार इन्हें रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। रसोई गैस सिलेंडर के दामों में हुई बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस आम जनता की आवाज बनकर सड़कों पर उतर रही है और जब तक गैस सिलेंडर के दामों में राहत नहीं मिलती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा कि महंगाई ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे घर का बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सबसे ज्यादा इस महंगाई से प्रभावित हो रही हैं क्योंकि घर की रसोई की जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है। महिला कांग्रेस आम महिलाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। जनता लंबे कतारों में लगकर गैस सिलेंडर लेने का प्रयास कर रही है पर उन्हें लगभग 60 दिनों का समय दिया जा रहा है जो जनता के हक के साथ खिलवाड़ है। शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि सरकार को तुरंत गैस सिलेंडर के दाम कम करने चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण घर चलाना बेहद कठिन हो गया है और इसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है। सरकार को आम जनता की परेशानियों को समझते हुए राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। वहीं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस का यह प्रदर्शन केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि आम महिलाओं की पीड़ा को सामने लाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज हर घर की महिला महंगाई से परेशान है और यदि सरकार ने जल्द ही गैस सिलेंडर की कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया तो महिला कांग्रेस और भी बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस हमेशा से जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है और आगे भी आम जनता के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी। इस दौरान सुमित्रा सोरी, दीपमाला कर्मा, राजेश्वरी मुरमी, इंदिरा ठाकुर, ममता कौशल, राधा नाग, सुशीला नियाल, आसिफ़ रज़ा, रवीश सुराना, राकेश कर्मा,अविनाश सरकार, स्नेहलता पिल्ले, पूजा जैन, किशन देवी, अनिल कर्मा, छवि नेम, अभिषेक सलाम, वेदांत पांडे और कविश कर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की कीमतों को कम करने और प्रदेश में अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की।

## पुलिस की एकतरफा कारवाई से पत्रकार नाराज

# मौन धरना कर कलेक्टर, एसपी से न्यायिक जांच की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

सुकमा में पत्रकारों ने एक घंटे का मौन धरना देकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग की।

वीडियो में बास्तानार के इरपा गांव का एक ग्रामीण लापरवाहीपूर्वक अनियंत्रित ट्रैक्टर चलाते हुए दिखाई दे रहा है,

■ बस्तर में सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील

जिससे दुर्घटना की आशंका पैदा हो गई थी। इसके बाद घटना स्थल पर ट्रैक्टर चालक के साथ हुई मारपीट का दूसरा वीडियो भी वायरल हुआ। इन वीडियो के सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।

पुलिस ने पत्रकार रौनक शिवहरे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस स्थिति को देखते हुए बस्तर संभाग के पत्रकारों ने पुलिस की कार्रवाई को जल्दबाजी और दबाव में की गई कार्रवाई बताते हुए इसका विरोध शुरू कर दिया है।

दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के आह्वान पर संभाग के सभी जिलों में पत्रकारों ने शांतिपूर्ण तरीके से मौन धरना देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। सुकमा जिला मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन के बाद पत्रकारों ने कलेक्टर अमित कुमार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर कोंटा, दोरनापाल, छिंदगढ़, कुकनार, तोंगपाल और सुकमा के पत्रकार उपस्थित रहे। पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और न्याय नहीं मिलता, तब तक वे लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे।

### मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच के लिए एसडीएम नियुक्त

**गीदम।** अनुविभागीय दंडाधिकारी गीदम से जारी विज्ञप्ति के अनुसार दंतेवाड़ा जिले के थाना गीदम क्षेत्र अंतर्गत 3 मार्च को ग्राम गुमलनार, गिरसापारा और नेलगोडा के मध्य जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस और माओवादी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में एक पुरुष माओवादी के मारे जाने की घटना सामने आई थी। उक्त मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 196 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए घटना की दण्डाधिकारी जांच के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम, दंतेवाड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में थाना गीदम में अपराध क्रमांक 22द2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 191(3), 190, 109, 61(2), आर्म्स एक्ट की धारा 25 व 27 तथा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 10, 13(1)(ए), 16, 18, 20, 23, 38(2) और 39(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस घटना के संबंध में कोई भी व्यक्ति यदि जानकारी, साक्ष्य या तथ्य प्रस्तुत करना चाहता है तो वह 10 अप्रैल 2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर मौखिक, लिखित अथवा गोपनीय रूप से अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# ग्रामीणों को वितरित की गई आवश्यक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

दोरनापाल सुकमा जिले के गोगुंडा क्षेत्र में सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।

गौरतलब है कि गोगुंडा क्षेत्र एक समय नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता था, जहां विकास कार्यों की पहुंच लगभग नहीं के बराबर थी। लेकिन सीआरपीएफ 74वीं वाहिनी के कैंप की स्थापना के बाद अब क्षेत्र में सुरक्षा के साथ-साथ विकास की गतिविधियां भी तेज हुई हैं। सुकमा सीआरपीएफ के डीआईजी आनंद राजपुरोहित के दिशानिर्देश तथा कमांडेंट हिमांशु पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टर सुरेश और असिस्टेंट कमांडेंट अंकित सिंह की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में



ग्रामीण पहुंचे और उन्हें जरूरत का सामान प्रदान किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को कम्बल, सोलर लाइट, घरेलू बर्तन, मच्छरदानी, चप्पल सहित बच्चों के खेलने के लिए क्रिकेट बैट-बॉल, वॉलीबॉल, नेट और फुटबॉल जैसी खेल सामग्री वितरित की गई। सामग्री पाकर ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें काफी राहत मिलती है। इसके अलावा मूलेर क्षेत्र में भी कमांडेंट हिमांशु पांडे की उपस्थिति में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया, जहां मेडिकल कैंप लगाया गया। इस मेडिकल कैंप में ग्रामीणों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच करवाई और आवश्यक दवाइयां प्राप्त कीं। साथ ही वहां भी जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर कमांडेंट हिमांशु पांडे ने बताया कि गोगुंडा क्षेत्र में पहले नक्सली गतिविधियों के कारण विकास कार्य नहीं पहुंच पाते थे। लेकिन कैंप की स्थापना के बाद अब यहां लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। पहले यहां सड़क की सुविधा भी नहीं थी, जबकि अब सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचने लगी हैं और आगे भी कई विकास कार्य जारी हैं।

उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उनकी सहायता के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कमांडेंट हिमांशु पांडे ने यह भी कहा कि भविष्य में भी सीआरपीएफ द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों का विश्वास जीतने और उनकी हर संभव मदद करने का प्रयास जारी रहेगा।

### राज्य शासन के प्रयासों से जैविक खेती को मिली नई रफ्तार

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम कासोली के प्रगतिशील कृषक सुरेश कुमार नाग जैविक खेती के क्षेत्र में एक प्रेरक उदाहरण बनकर उभरे हैं। वे पिछले लगभग 13 वर्षों से रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से खेती कर रहे हैं और अपने अनुभवों से आसपास के किसानों को भी जैविक



खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अपने करीब 5 एकड़ भूमि पर उन्होंने आत्मनिर्भर खेती का सफल मॉडल विकसित किया है। अपने खेत पर ही वे गोबर खाद, केंचुआ खाद तथा तरल जीवामृत तैयार करते हैं। इसके साथ ही स्थानीय वनस्पतियों से प्राकृतिक कीटनाशक बनाकर फसलों की सुरक्षा करते हैं। इस पद्धति से खेती की लागत में कमी आई है और भूमि की उर्वरता भी लगातार बढ़ रही है। सुरेश कुमार नाग अपने खेत में कोसरा (मिलेट), सुगंधित धान, टमाटर, बैंगन और बरबटी जैसी विभिन्न फसलों की जैविक खेती करते हैं। जैविक पद्धति से उत्पादित होने के कारण उनकी उपज को स्थानीय बाजार में बेहतर कीमत मिलती है, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हो रही है। छत्तीसगढ़ में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## कक्षा पांचवी की केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षाएं हुईं शुरू

# खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर विकासखंड में कक्षा पांचवी की केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो गई है। जिसका शुभारंभ गणित विषय के साथ किया गया। परीक्षा प्रारंभ होते ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन द्वारा निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा परीक्षा संचालन की प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने केंद्राध्यक्ष एवं संस्था प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था, प्रकाश, शौचालय की साफ-सफाई तथा बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हों।

बस्तर विकासखंड में परीक्षा के प्रथम दिवस पर सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होने की जानकारी प्राप्त हुई।

### गौ संरक्षण को नई दिशा, गौधाम योजना का शुभारंभ



**बीजापुर।** छग शासन की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 14 मार्च को वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में जिला बीजापुर से जनप्रतिनिधि, पशुपालक, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, नगर पालिका अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एनआईसी के माध्यम से वर्चुअल रूप से शामिल हुए। प्रदेश में घुमंतू एवं बेसहारा पशुओं के समुचित प्रबंधन के लिए शासन द्वारा शासकीय भूमि पर गौधाम विकसित किए जा रहे हैं। इन गौधामों में पशु शेड निर्माण, पेयजल, बिजली, फेंसिंग आदि आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, जिससे पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सके। राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल का मुख्य उद्देश्य बढ़ती बेसहारा मवेशियों की समस्या का समाधान करना, उन्हें सुरक्षित आश्रय तथा चारा-पानी उपलब्ध कराना और उनके संरक्षण को बढ़ावा देना है।

# डॉ. नरगिस को छग महतारी अलंकरण सम्मान

**गीदम।** सामाजिक संस्था नवसृजन मंच छत्तीसगढ़ ने रायपुर में एक सम्मान समारोह आयोजित कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं 51 महिलाओं को छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण से विभूषित किया। इस दौरान गीदम निवासी डॉ. नरगिस अंसारी को छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही इस मौके पर समाज में उल्लेखनीय कार्य कर रहे 11 महिला स्व सहायता समूहों को भी महतारी गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इस सम्मान के लिए प्रदेशभर से शिक्षा, खेलकूद, चिकित्सा, पत्रकारिता, पुलिस सेवा, साहसिक कार्य, महिला उद्यमिता, विज्ञान, प्रशासनिक सेवा, समाज सेवा, राजनीति, विधि, सौंदर्य, धार्मिक एवं अन्य क्षेत्रों से महिलाओं का चयन किया गया था। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक सिक्कों की माला, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।






**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर (छ.ग.)**

**-:: उद्घोषणा ::-**

रा.प्र.क्र./ क / ब-121/ 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका गणेश पटेल पिता/ पति स्व. सुदरू जाति पनारा निवास ग्राम बस्तर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके बडे पिता स्व. बलदेव पिता/ पति स्व. घेनवाराम की माता/ पिता ..... जन्म/मृत्य दिनांक 20.06.2009 को ग्राम बस्तर में होना बताते हुए मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ महिला/ संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 30.03.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक



**जगदलपुर।** शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुम्हरावंड में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत विद्यार्थियों द्वारा गांवों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में शामिल स्वयंसेवक योग,स्वच्छता रैली,वॉल पेंटिंग,नारे लेखन तथा स्कूल भ्रमण जैसी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों और बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं।
इसी क्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम कुम्हरावंड की गलियों में स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। हाथों में तख्तियां लेकर निकली इस रैली में एक भारत, स्वच्छ भारत और स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने घर-घर स्वच्छता बनाए रखने, कचरा इधर-उधर न फेंकने और बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी।

### ओपन माइक सेशन का आयोजन



**जगदलपुर।** बस्तर हेरिटेज मैराथन के प्री.इवेंट के तहत दलपत सागर के द्वीप में रविवार की शाम को ओपन माइक सेशन का आयोजन किया गया। इस ओपन माइक सेशन में विभिन्न नागरिकगण ने गायनए कविताए स्टोरीटेलिंगए स्टैंड अप की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बस्तर हेरिटेज मैराथन के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन डेस्क भी उपलब्ध किया गया।

# स्कूली-बाइक रैली और चुनरी यात्रा निकाली, शहर हुआ श्रीराममय

## राम नवमी को भव्य बनाने विहिप-बजरंग दल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी राम नवमी पर्व को भव्य और व्यापक रूप से मनाने की तैयारी को लेकर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की नगर बैठक सीताराम शिवालय में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत नगर मंत्री द्वारा विजय महामंत्र के साथ की गई।

बैठक में संगठन पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राम नवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि हिंदू समाज की आस्था, परंपरा और एकता का प्रतीक है। इस वर्ष राम जन्मोत्सव को और अधिक भव्य रूप देने के लिए संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे प्रभु श्रीराम के कार्य को अपना कर्तव्य मानते हुए पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाएं।



### होंगे विविध आयोजन

राम नवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा नगर में कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्कूटी रैली,चुनरी यात्रा,बाइक रैली,ध्वज वितरण और राम जन्मोत्सव के सामूहिक आयोजन शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे नगर को राममय बनाने के साथ-साथ हिंदू समाज की एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। संगठन के कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में सक्रिय होकर लोगों को आमंत्रित करेंगे, ताकि अधिक से अधिक परिवार इस पावन उत्सव में सहभागी बन सकें।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में राम जन्मोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही घर-घर जाकर निमंत्रण देने,ध्वज वितरण करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को राम नवमी के आयोजन से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा, ताकि पूरे नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण निर्मित हो सके।

अंत में प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी, जिला मंत्री नवीन देवांगन, नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु, जिला उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, जिला सह संयोजक, अजय प्रताप सिंह, नगर संयोजक जगदीश ठाकुर, अजय प्रताप सिंह, तमिस राव, शत्रुघ्न कश्यप, रवि नेताम, पवन राजा, अभिषेक साहू, अमन धीवर, सुंदर कश्यप, लखन सेना, अतुल पाठक, गीतेश सिंगाड़े, पारेश्वर, राजेंद्र, मुकेश, प्रियांशु, विज्जु, कृष्णा सहित अनेक बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

# गीला भात देखकर रसोईये को समझाइश, घर जैसा पकाएं भोजन

मध्यान्ह भोजन प्रभारी के डायरी मेंटेन नहीं करने पर फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भोपालपट्नम ब्लाक मुख्यालय के आत्मानंद स्कूल में अचानक पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार कठौते ने बच्चों को परोस रहे चांवल के गीला होने पर महिला रसोईये को समझाइश देते कहा कि भोजन की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। जैसा भोजन अपने घर में बनाते हो वैसा ही भोजन यहां स्कूल में भी बनाया करो। सुबह के समय अचानक स्कूल पहुंचे अफसर ने दाल और सब्जी को चख कर अच्छा बताया। लेकिन चांवल गीला होने से बच्चों को परेशानी होने की बात कही। वहीं मध्यान्ह भोजन प्रभारी से डायरी लाने को कहा। शिक्षक ने बताया कि डायरी है लेकिन वे प्रस्तुत नहीं कर सके। डीईओ ने कहा प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन का डायरी मेंटेन होना चाहिए।



स्वयं भोजन चखने के बाद बच्चों को परोसना चाहिए। शिक्षकों ने कहा हम खुद भी यहां भोजन ग्रहण करते हैं। रोज परोसने से पहले चखते भी हैं। डीईओ ने कहा डायरी हमेशा अपडेट रखें। जहां भोजन की गुणवत्ता का रोजाना लेख होना चाहिए। वहीं पीने के पानी के लिए बने बोर के स्थल को ठीक बनाने के लिए सीमेंट ईट आदि से मजबूत किया गया था। जिसकी उन्होंने प्रशंसा की और खर्च हुए राशि का प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा। उन्होंने विद्यालय परिसर में घूमकर बच्चों से चर्चा की । भवन के विषय में बताया गया कि अभी नया भवन के लिए स्वीकृति मिली है जिसके बन जाने के बाद कमरों की कमी नहीं होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने परिसर में जगह पर्याप्त होने की बात कहते उचित जगह पर भवन निर्माण करने को कहा।

### साग सब्जी उगाकर बच्चों को अच्छा भोजन खिलाएं

कतार में बच्चे थाली लेकर मध्यान्ह भोजन लेते रहे। इस बीच समीप ही एक बड़ा स्थल उजाड़ जैसा दिखाई पड़ा। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी कठौते ने शिक्षकों से कहा इस जगह में साग सब्जी उगाकर बच्चों को पौष्टिक भोजन खिलाने का प्रयास करें। इस तरह की पहल अनेक स्कूलों में की गई है जिसका परिणाम अच्छा आ रहा है। जिसपर शिक्षकों ने उद्यान बनाने की सहमति दी।



### टिंगोलगुड़ा में बच्चे पहले पहुंचे

बीजापुर और भोपालपट्नम के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राथमिक शाला टिंगोलगुड़ा में शुक्रवार की सुबह साढ़े 9 बजे बच्चों को देखकर जिला शिक्षा अधिकारी पहुंच गए। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई और गांव के विषय में जानकारी ली। चपरासी ने बताया कि यहां 35 बच्चे पहली से 5वीं तक पढ़ते हैं। एक शिक्षक और एक शिक्षादूत यहां पदस्थ है। सुबह 10 बजे से क्लास शुरू होती है । शाला आधे घंटे पहले से बच्चे पहुंच गए थे। लेकिन शिक्षकों के 10 बजे आने की बात कही गई।

# भाजयुमो की आध्यात्मिक यात्रा में सेवा का संकल्प



**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक आध्यात्मिक यात्रा निकाली। यात्रा शुरूआत भाजपा कार्यालय में माथा टेकने तथा मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर की गई।

- दंतेवाड़ा शक्तिपीठ में पूजा कर की सबकी सुख समृद्धि की कामना

जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं का काफिला मां दंतेश्वरी के जयघोष के साथ रवाना हुआ। बंजारीन घाट के मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और मंगलमय यात्रा की कामना की।

दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर युवाओं ने बस्तर की खुशहाली, संगठन की मजबूती और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा।

जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव ने कहा कि कार्यकतार्ओं का उत्साह और माई जी का आशीर्वाद हमें जनसेवा के मार्ग पर सदैव अडिग रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सैकड़ों भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धोबीगुड़ा में जल अर्पण दिवस

# महिला जल वाहिनी ने दिया जल संरक्षण का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड के ग्राम धोबीगुड़ा में जल जीवन मिशन के तहत आयोजित जल उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत जल अर्पण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महिला जल वाहिनी, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर महिला जल वाहिनी की सदस्यों ने गांव में पानी बचाने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि पानी केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमूल्य धरोहर है। इसलिए जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखना और पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करना बेहद जरूरी है। जल स्त्रोतों के पास सोख्ता गड्ढा बनाना, बाथरूम में उपयोग के पश्चात गंदी पानी की समुचित निकासी, सार्वजनिक नल से पानी का समुचित उपयोग करने इत्यादि के फायदे संबंधी जानकारी दी गई।

इस मौके पर महिला जल वाहिनी की सदस्यों ने ग्रामीणों को जल की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया और सुरक्षित पेयजल के महत्व को समझाया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई कि वे जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहेंगे और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, सचिव, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मितानिन, कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रवीण कुमार वर्मा, अविनाश रनबाकला एवं ज्योत्सना सूना ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

# प्रधान पाठक का वेतन रोक किया गया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोशलनार

निजी मार्केटिंग कंपनी में पैसे निवेश नहीं करने पर एक शिक्षक का फरवरी माह का वेतन रोक प्रताड़ति किए जाने की जानकारी मिली है।

बताया गया कि एबीईओ भैरमगढ़ और सीएसी कोशलनार के पूर्वाग्रह के चलते शिक्षक परिवार की होली की खुशी पर ग्रहण लग गया।

- मार्केटिंग कंपनी में निवेश की बात नहीं मानने पर सीएसी ने की झूठी शिकायत

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ खंड शिक्षा अधिकारी से बिना नोटिस दिए प्राथमिक शाला गोड़िया पारा कोशलनार में पदस्थ प्रधान पाठक अनिल सोनी का वेतन रोका गया। शाला प्रबंधन समिति गोड़िया पारा कोशलनार के अध्यक्ष समेत अन्य सदस्यों ने प्रधान पाठक अनिल सोनी के खिलाफ की गई कार्यवाही को दुर्भावना से प्रेरित बताया है। अध्यक्ष चमन ने बताया कि सीएसी कोशलनार पिछले 6 माह से एक नेटवर्किंग कंपनी में पैसे निवेश करने के लिए पीछे पड़े थे। प्रधान पाठक ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया तो सीएसी नाराज हो गए। इसलिए पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर सीएसी कोशलनार ने प्रधान पाठक अनिल सोनी के खिलाफ बीईओ से शिकायत की। सीएसी इससे पहले शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी प्रधान पाठक के खिलाफ शिकायत के लिए उकसाया। यहां तक कि प्रधान पाठक के खिलाफ शिकायत में साथ देने पर मुर्गा पार्टी का प्रलोभन भी दिया। समिति के अध्यक्ष समेत सदस्यों ने स्पष्ट किया कि प्रधान पाठक का काम ठीक है। मौजूदा शिक्षा सत्र का लगभग 9 माह हो गया, एबीईओ भैरमगढ़ ने आज तक कोशलनार संकुल का दौरा नहीं किया। लेकिन झूठी शिकायत पर प्रताड़ति करने के मकसद से सीएसी के बुलावे पर कोशलनार पहुंच गए। एबीईओ भी सीएसी के साथ मिलकर शिक्षकों को प्रताड़ति करते हैं। समिति के सदस्यों ने कलेक्टर से मांग की है कि कोशलनार सीएसी के डेली डायरी की जांच एसडीएम से कराई जाए। जिससे उक्त शिक्षक का अध्यापन और अन्य शैक्षणिक दायित्व का खुलासा हो जाएगा।



### शिकायत पर कार्रवाई

यह बात सच है कि वेतन रोके जाने को लेकर नोटिस नहीं दिया गया। संबंधित शिक्षक की नियमित उपस्थित नहीं रहने सीएसी की शिकायत पर कार्रवाई की गई है।
**पी जैन,** बीईओ भैरमगढ़

प्रधान पाठक अनिल सोनी ने बताया कि बिना नोटिस दिए फरवरी माह का वेतन बीईओ भैरमगढ़ ने रोक दिया। 13 फरवरी को एबीईओ भैरमगढ़ और सीएसी कोशलनार स्कूल निरीक्षण में आए। जबकि उस दिन आनलाईन अवकाश पर था, अवकाश पोर्टल में इसके प्रमाण है। जांच तिथि को शाला में 2 बच्चे उपस्थित रहने का आरोप लगाया गया, उक्त तिथि को शाला के एकल शिक्षक अवकाश में रहने के कारण स्कूल में बच्चों की उपस्थिति व अन्य इंतजाम की जिम्मेदारी संकुल समन्वयक की होती है। शिक्षादूत और नियमित शिक्षक की उपस्थिति पंजी अलग अलग संधारित करने पर भी एबीईओ ने नियम विरूद्ध बताया। जबकि एबीईओ ने स्वयं कहा है कि जहां भी शिक्षादूत पदस्थ है, शाला कंटेनजेंसी खाता में उनका नाम नहीं रहेगा। शिक्षादूत वैकल्पिक व्यवस्था के लिए है। उनको शासकीय शिक्षक का दर्जा प्राप्त नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि एबीईओ ने बताया शिक्षादूतों को मौखिक निर्देश पर सुविधा वाले संस्था में कार्य करने की छूट दी है। शिक्षादूत गोड़िया पारा कोशलनार में कार्य कर रहा है। विधिवत पदस्थापना आदेश जारी करने में क्या दिक्कत है।



Ajay Advt.

# मौन धरना देकर पत्रकारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिले के गीदम के पत्रकार रौनक शिवहरे और उनके परिवार के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला तथा गिरफ्तारी को लेकर कमिश्नर कार्यालय के सामने एक घंटे तक मौन धरना देकर विरोध दर्ज किया गया। इसके बाद रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर आकाश छिकारा को ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने सरकार से निष्पक्ष न्यायिक जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# उत्साह, एकजुटता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा उत्कल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी उत्कल दिवस को भव्य और गरिमामय तरीके से मनाने की तैयारी को लेकर समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में

- आयोजन को लेकर लेकर समाज की हुई बैठक

समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि इस वर्ष उत्कल दिवस को पहले से अधिक उत्साह, एकजुटता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा।

समाज अध्यक्ष राजेश दास और सचिव सुमित महापात्र ने सयुंक्त रूप से बताया बैठक में कार्यक्रम की तैयारी,व्यवस्थाओं और विभिन्न गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समाज के सभी सदस्यों के सहयोग से आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्कल दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को सहेजने का अवसर है,इसलिए इसे पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा।



सचिव ने कहा बैठक के दौरान कार्यक्रम की जिम्मेदारियां भी तय की गईं,ताकि आयोजन के प्रत्येक पहलू का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य पदाधिकारियों,कार्यकारिणी सदस्यों, महिला विंग तथा युवा विंग के पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी ने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को भव्य और यादगार बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

अध्यक्ष ने कहा उत्कल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाजिक मिलन और अन्य गतिविधियों के माध्यम से समाज की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग और सहभागिता से यह आयोजन निश्चित रूप से ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बनेगा।

